मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 143
शनिवार, 07 दिसम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## देश में खुलेंगे 85 केंद्रीय और 28 नवोदय विद्यालय, कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली, 06 दिसम्बर।** केंद्रीय कैबिनेट की शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें तमाम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में 85 केंद्रीय और 28 नए नवोदय विद्यालय खोले जाएंगे। ये विद्यालय उन जिलों खोले जाएंगे जिनको नवोदय विद्यालय योजना के तहत कवर नहीं किया गया है। इसके अलावा बैठक में हरियाणा से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए दिल्ली मेट्रो के 26.46 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए पीएम श्री लाया गया। सभी केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूलों के रूप में नामित किया गया है। ताकि उन्हें मॉडल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नए केंद्रीय विद्यालय खुलने से देश भर में 82 हजार से अधिक छात्रों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मौजूदा समय में 1256 कार्यात्मक केंद्रीय विद्यालय हैं। इनमें तीन विदेश में हैं। इनमें मॉस्को, काठमांडू और तेहरान शामिल हैं। 13.56 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले 248 किमी लंबी मेट्रो का काम देश में हुआ था। जबकि 2014 से 2024 तक 745 किमी मेट्रो का काम हुआ है। मौजूदा समय में एक हजार किमी मेट्रो का काम चल रहा है। दिल्ली में चार फेज में काम करने की योजना है। तीन फेज में 296 किमी में काम हो चुका है। चौथे फेज में छह कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें पांच कॉरिडोर पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं। अब कैबिनेट ने छठवें कॉरिडोर को मंजूरी दी है। चौथे चरण में छठवां कॉरिडोर में 26.462 किमी लंबा होगा। इसमें 21 स्टेशन होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छठवें कॉरिडोर से दिल्ली-हरियाणा की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यह कॉरिडोर रिठाला से शुरू होकर नरेला-कुंडली तक जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## किसानों पर आंसू गैस छोड़ना काफी निंदनीय है: राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 06 दिसम्बर।** विपक्ष नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को किसानों की मांगों को लेकर, किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ सरकार का व्यवहार को लेकर राहुल गांधी ने निंदा की है। इस विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए आंसू गैस और अन्य तरीकों के प्रयोग की गांधी ने अलोचना की।

राहुल गांधी ने किसानों की पार्टियों को दूर करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी वैधता समेत उनकी छूट को लागू करने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में उन पर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें विभिन्न तरीकों से रोकने की कोशिश करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए। गांधी ने किसानों के लिए अपनी पार्टी के समर्थन को दोहराया और खेती की लागत का 1.5 गुना एमएसपी, कर्ज माफी और किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन योजना जैसे उपायों की मांग की। उन्होंने कहा, सरकार को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी, खेती की व्यापक लागत का 1.5 गुना एमएसपी सहित सभी मांगों को तुरंत लागू करना चाहिए।बता दें कि, राहुल गांधी अब निरस्त किए गए कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-2021 के विरोध प्रदर्शन के दौरान 700 किसानों की मौत की ओर ध्यान आकर्षित करवाया, उन्होंने कहा कि- मोदी सरकार की अत्यधिक असंवेदनशीलता" को जिम्मेदार बताया।

## बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में तीन सुरक्षाकर्मी घायल



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में तीन सुरक्षाकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी बृहस्पतिवार रात को हुई जब सुरक्षाबल के जवान पामेड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झिड़पल्ली गांव के करीब एक शिविर के बाहरी घेरे में तैनात थे। शिविर का निर्माण हाल ही में किया गया है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात लगभग 8.30 बजे नक्सलियों ने शिविर पर गोलीबारी शुरू कर दी, जो डेढ़ घंटे तक जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने इस दौरान बैरल ग्रेनेड लांचर से गोले दागे, जिसका सुरक्षाबल के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने बताया, मुठभेड़ में तीन जवानों को मामूली चोटें आई जिसके बाद उन्हें शिविर में प्राथमिक उपचार दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले इस इलाके में सोमवार को शिविर स्थापित किया गया था।

## बॉर्डर से वापस लौटा किसानों का जत्था, किसान नेता सरवन सिंह पंधरे ने वापस बुलाया



**नई दिल्ली, 06 दिसम्बर।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले पंजाब के किसानों का एक 'जत्था' यानी के ग्रुप शुक्रवार, 6 दिसंबर को दिल्ली में शंभू बॉर्डर से संसद तक मार्च करने की योजना बना रहे है। उनकी मांगें हैं फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं, कर्ज माफी, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, और 2021 में किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय।

आज दोपहर करीब 1 बजे शंभू बॉर्डर से किसानों का पैदल जुलूस शुरू होने वाला था लेकिन , किसान नेता सरवन सिंह पंधरे ने किसानों के जत्था को बापस बुला लिया है। क्यों लौटा किसानो का जत्था जब पुलिस की तरफ से गोले छोड़े जाने के सिलसिला जारी था। बता दें कि, करीब 26 से ज्यादा गोले गोले छोड़े जा चुके हैं। वहीं, दूसरी ओर किसानों का जो जत्था बॉर्डर पर की गई बैरिकेडिंग तक पहुंच गई थी, वह अब वापस लौट आया है। किसान मोर्चा के दौरान पुलिस ने आंसू गैस की गोलाबारी में छह किसानों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने दिन भर के लिए मार्च स्थगित कर दिया। खबरों के मुताबिक, एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

## सीएम योगी का फरमान, अफसर हर दिन एक घण्टे करें जनशिकायतों का निस्तारण

- **वाराणसी में चल रही निमार्णाधीन परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर शीघ्र पूरा करने की हिदायत**
- **साथ में चेताया, किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। इस दौरान विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के अफसरों को दो टूक में कहा है, हर दिन एक घंटे जनशिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण करें। यदि आमजनमानस की शिकायत उन तक पहंची तो अफसरों की खैर नहीं। साथ ही मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं के निमार्णाधीन परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर पूरा कराए जाने का निर्देश दिया है। इस मामले में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्थाओं को चेताया भी है, परियोजनाओं की गुणवत्ता पर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



सर्किट हाउस सभागार में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ विकास कार्यों के प्रगति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ से जुड़े बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी आयेंगे। उनकी संख्या को देखते हुए सभी कार्ययोजना 15 दिसंबर तक तैयार करते हुए कार्यों को 30 दिसंबर तक पूरा करायें। सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाए। वरुणा नदी के लिये तैयार हो रहे प्रोजेक्ट को जल्द ही उनके सामने प्रदर्शित किया जाये। मुख्यमंत्री द्वारा रामनगर में स्थित मल्टी मॉडल टर्मिनल तथा गोवर्धन बायो गैस परियोजना की भी जानकारी ली गयी। दालमंडी में सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्यों में तेजी लाते हुए सड़क, ड्रैनेज, यूटिलिटी, आवागमन की उचित व्यवस्था के साथ उसको अतिक्रमण मुक्त करायें। धर्मस्थलों से माइक उतारने तथा आवाज को सीमित करते हुए अनावश्यक डीजे, माइक के आवाज को नियंत्रित करें जिससे किसी को अनावश्यक डिस्टर्ब नहीं होने पाये। कुम्भ के दृष्टिगत ऑटो रिक्शा, ई- रिक्शा तथा अन्य वाहनों के चालकों के वेरिफिकेशन जरूर करा लें। चेन स्नैचिंग, लूट की घटना रोकने हेतु सघन पेट्रोलिंग चलाएँ जिससे महिला, बच्चियां, श्रद्धालु बिना चिंतित हुए घूम सकें। अगर कोई लूट की घटना अंजाम दे तो तुरन्त अगले चौराहे पर उनको पकड़ा जा सका इस प्रकार की पेट्रोलिंग होनी चाहिए।सभी परियोजनाओं की शुरूआत में तय गाइडलाइन के हिसाब से कार्य कराते हुए कार्य की प्रोग्रेस, समय तथा गुणवत्ता को सुनिश्चित करें। किसी भी गड़बड़ी पर निर्माण एजेंसी, कॉन्ट्रैक्टर की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। सभी विभाग विभागीय कार्ययोजना की भी रेगुलर समीक्षा करें। आईजीआरएस तथा सीएम हेल्पलाइन पर और अच्छे से कार्य करने तथा उसको गंभीरता से देखने की जरूरत है। अपराधियों के मामलों को लंबित न छोड़ें तथा टॉप टेन अपराधियों के साथ पूरी सख्ती से पेश आते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी प्रतिदिन एक घण्टे जनशिकायतों का निस्तारण जरूर करें।

|| ॐ श्री दक्ष प्रजापतये नमः ||
Reg.No. G.B.B.S.D / 110/ 2017-F-72/ 34 Mumbai

अखिल प्रजापति कुम्भकार समाज (रजि.)

केंद्रीय कार्यालय : C/O डॉ. ए.बी. प्रजापति, साई क्लिनिक शॉप नं. 3, दुबे चाल, पोयसर, काजुपाडा, गाँवदेवी रोड मुंबादेवी ज्वेलर्स के पास कांदिवली (पूर्व), मुंबई - 400 101 महाराष्ट्र, भारत
मोबाईल नं.- 9321535559 / 9137906591 / 9226937816 / 970249675 / 9930695467 / 9769525479

भव्य वार्षिक सम्मेलन २०२४

रविवार 8 दिसंबर 2024, समय - दोपहर 01 बजे से शाम 7 बजे तक

स्थान : भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह, वडारपाडा रोड नं-1, हनुमान मंदिर के पीछे रोड, हनुमान नगर, कांदिवली (पूर्व), मुंबई - 400101

मुख्य अतिथी

मा.श्री. डॉ. लोकेश प्रजापति – भूतपूर्व - मंत्री पिछडावर्ग आयुग- भारत सरकार
मा.श्री अतुल भातखलकर – कार्यसम्राट विधायक कांदिवली पुर्व विधनसभा
मा.श्री विक्रम प्रताप सिंह – कार्यसम्राट 145 - विधानसभा प्रमुख मीरा-भांयदर
मा.श्री मनोज प्रजापति – लोकप्रियकार्यसम्राट विधायक बांदा विधानसभा (उत्तर प्रदेश)
मा.श्री. शिवांश प्रजापति (गुगल बॉय) - जौनपूर उत्तर प्रदेश

कार्यक्रम

दोपहर 1.00 बजे से 2.00 • दिप प्रज्जवलन • सांस्कृतिक कार्यक्रम
दोपहर 2.00 बजे से 3.00 • समाज संबोधन | दोपहर 3.00 बजे से 4.00 • स्वागत समारंभ
शाम 4.00 बजे से 5.00 • वर-वधू परिचय
शाम 5.00 बजे से 7.00 • गुण गौरव पुरस्कार वितरण
• कार्यक्रम के बाद आप सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

आप सभी सादर आमंत्रित हैं

• डॉ. ऐ. बी. प्रजापति – संस्थापक-भूतपूर्व-राष्ट्रीय अध्यक्ष
• डॉ. रमेश प्रजापति – राष्ट्रीय अध्यक्ष, भूतपूर्व- वैद्यकीय अधिकारी वसई / विरार महानगर पालिका
• ॲड. राजबहादुर प्रजापति – राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/ अधिवक्ता मुंबई हाईकोर्ट
• मा. श्री. रमेश प्रजापति – संस्थापक- राष्ट्रीय मुख्य महासचिव, उपसंपादक-उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक समचार पत्र मो. 9321535559

निवेदक - समस्त कार्यकारणी

"स्वच्छ जल से ही स्वस्थ जीवन"
सस्ते एवं उचित दर पर, आपकी सेवा में समर्पित, एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें

पुर्णिमा सर्विसेस
COMPLETE SOLUTIONS OF WATER TREATMENT
ALL TYPES WATER PURIFIER SERVICE
Email - purnima.services@gmail.com
8655185584
Shop No. 7, Gr. Floor, Prerna Tower, Diva - Shil Road, Diva (E) - 400612

THE DOCTORS COACHING
अब आपके विकास नगर लखनऊ में
Your Gateway to Success in NEET & Foundation Exams!
Powered by- Modern Kids Education Pvt.Ltd. (Since 1999)
NEET (UG) & FOUNDATION
Physics Chemistry Biology
Director Dr. Abid Khan PhD (USA)
9th, 10th, 11th & 12th
Smart Classes | Fully Air- Conditioned Classes
The Doctors Coaching Your Gateway to success in NEET a foundation exams!
ADMISSION OPEN NOW!
www.thedoctorcoaching.com | edu@thedoctorcoaching.com
+91- 7080403322, +91- 8400043322
Near LHPS, Friends Colony, Sector- 7, Vikas Nagar, Lucknow- 226022

# दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?



-ललित गर्ग

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण



भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है।

निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मालेर्ना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है। आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी। कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह ह्यजीतह्न और ह्यगठबंधनह्न की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी-विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है। जबकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए उसके जमीनी नेता व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इन स्थितियों में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कोई करिश्मा या चमत्कार कर पायेगी, इसमें संदेह ही है।

# राज्य और केंद्र सरकारों को बंगाल की सीमा के दोनों ओर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा हेतु मिलकर काम करना चाहिए



अशोक भाटिया

भारत पूरी दुनिया में एक लीडर के रूप में उभरता हुआ देश बन रहा है। आज दुनिया में कहीं भी संकट आए भारत फर्स्ट रेस्पोंडर के रूप में सामने आता है। कोरोना के समय में भारत ने 150 से ज्यादा देशों को दवाइयां भेजीं, कहीं भूकंप आए कहीं साइक्लोन आए या गृह युद्ध हो, भारत मदद के लिए सबसे पहले पहुंचता हैं। आज का भारत दुनिया में एक नए कैटेनिक एजेंट के रूप में उभर रहा है। इसका प्रभाव हर सेक्टर में दिख रहा है । ग्लोबल ग्रोथ, ग्लोबल पीस, ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन को स्पीडअप करने में भारत का रोल अहम होगा। ग्लोबल इनोवेशन हो या ग्लोबल सप्लाई चेन में स्टैबिलिटी लाना हो, सभी में भारत का रोल अहम होगा।भारत के लिए शक्ति और सामर्थ्य का अर्थ है ज्ञानाय:, दानायः च रक्षणायः... यानी नॉलेज इज फॉर शेयरिंग, वेल्थ इज फॉर केयरिंग, पावर इज फॉर प्रोटेक्टिंग। इसलिए भारत की प्राथमिकता दुनिया अपना दवाब बढ़ाने की नहीं, बल्कि अपना प्रभाव बढ़ाने की रही है। यह प्रधानमंत्री मोदी का ही समर्थ था कि कतर में भारत को कूटनीतिक जीत मिली और 8 भारतीय कतर की जेल से बाहर आ गए। सभी इस राहत का श्रेय भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते रहे हैं। जब भारत इतना समर्थवान है तो यह प्रश्न उठना लाजमी है कि बंगाल की सीमा के दोनों ओर अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय हो रहा है उसे बचाने में मोदी सरकार समर्थ क्यों नहीं है ।

आज देश का बच्चा बच्चा बोल रहा है कि पाकिस्तान की राह पर चले बांग्लादेश को सबक सिखाना निहायत जरूरी हो गया है क्योकि बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा का दौर थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब तो वहां ह्यसर तन से जुदा ह्यके नारे भी खुलेआम लगाये जा रहे है। वहां के हिन्दुओं के सामने जीवन मरण का प्रश्न उठ गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार स्थिति को सुधारने में कोई पहल नहीं कर रही है। उल्टे बांग्लादेश की पुलिस और सेना भी कट्टरपंथी ताकतों की मदद कर रही है।

बांग्लादेश के हिन्दु अपनी रक्षा की गुहार लगा रहे है लेकिन भारत सरकार भी उनकी आवाज नहीं सुन रही है। भारत अभी भी सदाशयता का परिचय दे रहा है। और बांग्लादेश सरकार से हिन्दुओं की रक्षा के लिए कदम उठाने की मांग कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रहा है। जबकि बांग्लादेश के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने में उसे नहीं हिचकना चाहिए। संसद में भी अन्य तमाम मुद्दो की चर्चा हो रही है। लेकिन बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले में हमारे माननीय मौन धारण किये हुए है।

सभी विपक्षी पार्टियां इस मामले में चुप्पी साधी हुई है जो हैरत की बात है। अलबत्ता बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने जरूर इस मामले को लेकर तिखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की है कि वह बांग्लादेश के खिलाफ तत्काल कड़े कदम उठाये। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार का मामला संयुक्त राष्ट्र में उठाये और वहां शांति सेना भेजने की मांग करें। ममता बनर्जी ने कहा है कि यह दो देशो के बीच का मामला है इसलिए वे बंगाल की मुख्यमंत्री होने के नाते कुछ नहीं कर सकती। लेकिन केन्द्र सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। और बांग्लादेश में रहने वाले लगभग डेढ़ करोड़ हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहिए।

ममता बनर्जी की यह मांग वाजिब है और इससे प्रेरणा लेकर सभी विपक्षी पार्टियों को सरकार पर दबाव बनाना चाहिए कि वह बांग्लादेश के मामले में धूलमूल रवैया छोड़े और कारगर कदम उठाये। सोशल मीडिया पर भी लोगों का ओक्रोश अब फूटने लगा है। साधु संतो ने भी इस पर गंभीर चिन्ता जताते हुए भारत सरकार से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश के हिन्दुओं की रक्षा के लिए यथासिद्ध प्रभावी पहल करे। किन्तु अभी तक भारत सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

लोग समझ नहीं पा रहे है कि बांग्लादेश जैसा एक छुटभैया देश वहां रह रहे हिन्दुओं पर अत्याचार करने का दुहसाहस दिखा रहा है और भारत जैसा शक्तिशाली देश उसके खिलाफ क्यों कोई कड़े कदम नहीं उठा पा रहा है। भारत को इजरायल से सबक सिखना चाहिए जो अपने नागरिकों की रक्षा के लिए लगातार जंग लड़ रहा है। यह ठीक है कि भारत बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्यवाही करने से पहले कई बार सोचने पर बाध्य होगा लेकिन भारत सरकार बांग्लादेश को सब सिखाने के लिए उसके साथ अपने व्यापारिक और राजनयिक संबंध को तोड़.ही सकती है। भारत अभी भी तो इतना ही कर ले तो भी बांग्लादेश घुटनों पर आ जायेगा। बांग्लादेश के सामने भी पाकिस्तान का उदाहरण है कि जिसके साथ भारत ने अपने व्यवसायिक संबंध तोड़ लिये तो वहां की पूरी अर्थव्यवस्था चौपट हो गई और महंगाई में लोगों का जीना मुहाल कर दिया। पाकिस्तान को तो खैर चीन का सहयोग भी मिल रहा है। जिसकी वजह से वहां भूखमरी के हालात पैदा नहीं हुए है। लेकिन बांग्लादेश तो भूखो मरने पर बाध्य हो जायेगा। बहरहाल बांग्लादेश में हिंसा का तांडव बहुत हुआ।

अब वहां हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा रूकनी ही चाहिए और इसके लिए भारत को कड़े से कड़े कदम जल्द से जल्द उठाने चाहिए। ममता बनर्जी की मांग के अनुसार भारत को यह मामला संयुक्त राष्ट्र में ले जाना चाहिए और बांग्लादेश मे संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना भेजने की मांग पूरजोर ढंग से उठानी चाहिए तभी बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा बंद होगी। ममता द्वारा उठाई गई आवाज के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों ने पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यक अधिकारों, सांप्रदायिक सद्भाव और उअअ पर बहस को भी फिर से हवा दे दी है। इस नए सियासी माहौल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दल बीजेपी दोनों ही अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के मुद्दे का इस्तेमाल कर रहे हैं। बीजेपी ने ळटउ पर पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के हितों की रक्षा करने में नाकाम रहने और बांग्लादेश में उनकी दुर्दशा पर आंखें मूंद लेने का आरोप लगाया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा सिर्फ बांग्लादेश का मुद्दा नहीं है। यह एक मानवीय संकट है जो सीधे बंगाल को प्रभावित करता है। तृणमूल कांग्रेस की चुप्पी और तुष्टीकरण की सियासत हिंदू समुदाय के साथ विश्वासघात है। BJP ने बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा के लिए भारत सरकार से और अधिक मजबूत प्रतिक्रिया की मांग करते हुए पूरे पश्चिम बंगाल में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं।

BJP ने इस मुद्दे को उअअ को लागू करने के अपने लंबे समय से चले आ रहे वादे से जोड़ने की भी कोशिश की है, जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सताए गए अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता प्रदान करता है। मजूमदार ने कहा, बांग्लादेश की हिंसा से बचकर आ रहे हिंदुओं को भारत में उनके अधिकारों और सम्मान का आश्वासन दिया जाना चाहिए। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी कुछ ऐसी ही बात की और कहा कि बांग्लादेश में अशांति का पश्चिम बंगाल पर जरूर असर पड़ेगा। अधिकारी ने कहा, ह्यजहां भी हिंदुओं पर हमला होगा, हम न्याय के लिए लड़ेंगे। उअअ के प्रति तृणमूल कांग्रेस का विरोध उनके तुष्टीकरण के एजेंडे को दर्शार्ता है। अधिकारी ने सीमा पार सताए गए हिंदुओं के जीवन और रोजगार की रक्षा करने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इच्छाशक्ति पर सवाल उठाया। अधिकारी ने कहा, ह्यउनके सांसदों को इस मामले को संसद में उठाना चाहिए, जो उनकी सही राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतिबिंब है। यह कोई सियासी मुद्दा नहीं है, बल्कि बांग्ला भाषी हिंदुओं के अस्तित्व का संकट है। सीएम को राजनीति से ऊपर उठकर उनके साथ खड़ा होना चाहिए। बीजेपी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं और विश्व हिंदू परिषद ने भी अपने आंदोलन को तेज कर दिया है।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के मुद्दे को लेकर अन्य विपक्षी दल भी सक्रिय हो गए हैं। वाम मोर्चा और कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी दोनों पर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, ह्ययह एक मानवीय मुद्दा है, कोई राजनीतिक फुटबॉल नहीं। आरोप-प्रत्यारोप के बजाय, राज्य और केंद्र दोनों सरकारों को सीमा के दोनों ओर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

# कठोर कर्म के साथ धर्म की आस्था जीवन के सार्थक सन्मार्ग



संजीव ठाकुर

मनुष्य के जीवन में सदैव कर्म और धर्म का समुचित संतुलन होना चाहिए। कर्म मनुष्य के जीवन को सफलता दिलाने वाला तत्व होता है साथ ही धर्म मनुष्य को मानवता के प्रति संवेदनशील सनमार्गी बनाता है। मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए। जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा। इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी।

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए। अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे। निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

# धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में न्यायपालिका



-प्रियंका सौरभ

न्यायपालिका भारतीय संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के सिद्धांतों की रक्षा करते हुए धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालाँकि, यह कार्य ऐतिहासिक दावों को समकालीन अधिकारों के साथ संतुलित करने, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने, भावनात्मक संवेदनशीलता को सम्बोधित करने और पूजा स्थल अधिनियम, 1991 जैसे कानूनी ढाँचों का पालन सुनिश्चित करने जैसी चुनौतियों से भरा है। ये जटिलताएँ संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए एक सावधान और निष्पक्ष दृष्टिकोण की माँग करती हैं। अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। अंग्रेजों का लक्ष्य भी भारत को कमजोर बनाकर यहां के संसाधनों का दोहन करना था। इसलिए उन्होंने भी भारत की सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने के लिए हर संभव प्रयास किए। आक्रांताओं द्वारा नष्ट किए गए धार्मिक स्थल सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं। एक प्राचीन सभ्यता के तौर पर इनके बिना भारत की पहचान पूर्ण नहीं होती है। अयोध्या, काशी और मथुरा इसके कुछ उदाहरण हैं। सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। काशी, मथुरा,संभल और अजमेर दरगाह मामले में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने का प्रयास हो रहा है। धार्मिक स्थलों पर विवादों को सम्बोधित करने में न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियाँ जैसे कानूनी ढाँचे में अस्पष्टता। हालाँकि पूजा स्थल अधिनियम, 1991 का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की 1947 वाली स्थिति को स्थिर करना है, लेकिन इसके प्रावधान अलग-अलग व्याख्याओं के लिए जगह छोड़ते हैं, जिससे इसका प्रवर्तन कमजोर होता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2022 में ज्ञानवापी मस्जिद जैसे मुकदमों को अनुमति दी, अधिनियम की व्याख्या धार्मिक चरित्र निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण की अनुमति देने के रूप में की। सदियों पुरानी शिकायतों पर दोबारा गौर करने से सांप्रदायिक तनाव बढ़ने, सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने और सामाजिक एकता को नुकसान पहुँचने का खतरा रहता है। धार्मिक विवादों में न्यायिक फैसले अक्सर राजनीतिक लामबंदी के उपकरण बन जाते हैं, जो न्यायपालिका की तटस्थता बनाए रखने की क्षमता को चुनौती देते हैं। संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के साथ धार्मिक अधिकारों को संतुलित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है, खासकर जब निर्णयों को एक समुदाय के पक्ष में माना जाता है। विवादित धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों को अनुमति देना अधिनियम के मूल सिद्धांत को कमजोर करता है, जिससे पूजा स्थलों को लेकर भविष्य में संघर्षों के लिए एक मिसाल कायम होती है। संवैधानिक केंद्रित करते हैं। अयोध्या विवाद (एम. सिद्दीक बनाम महंत सुरेश दास, 2019) में, सर्वोच्च न्यायालय ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रभावित पक्ष को वैकल्पिक भूमि आवंटित करते हुए संतुलित फैसला देने के लिए ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्यों पर भरोसा किया। कार्य करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सद्भाव सर्वोपरि रहे। पूजा स्थल अधिनियम के सिद्धांतों को सुदृढ़ करके, समय पर और निष्पक्ष निर्णय देकर और संघर्ष समाधान तंत्र को बढ़ावा देकर न्यायपालिका जनता का विश्वास बना सकती है और ऐतिहासिक शिकायतों को सामाजिक शांति को बाधित करने से रोक सकती है। भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने की रक्षा करने वाला भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण इसके विविध, बहुलवादी समाज में एकता बनाए रखने के लिए महत्त्वपूर्ण है।


**धार्मिक विवादों में न्यायिक फैसले अक्सर राजनीतिक लामबंदी के उपकरण बन जाते हैं, जो न्यायपालिका की तटस्थता बनाए रखने की क्षमता को चुनौती देते हैं। संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के साथ धार्मिक अधिकारों को संतुलित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है, खासकर जब निर्णयों को एक समुदाय के पक्ष में माना जाता है। विवादित धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों को अनुमति देना अधिनियम के मूल सिद्धांत को कमजोर करता है, जिससे पूजा स्थलों को लेकर भविष्य में संघर्षों के लिए एक मिसाल कायम होती है। संवैधानिक सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित करने और धर्मनिरपेक्षता की सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता है। धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में न्यायपालिका को संविधान के संरक्षक के रूप में कार्य करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सद्भाव सर्वोपरि रहे। पूजा स्थल अधिनियम के सिद्धांतों को सुदृढ़ करके, समय पर और निष्पक्ष निर्णय देकर और संघर्ष समाधान तंत्र को बढ़ावा देकर न्यायपालिका जनता का विश्वास बना सकती है और ऐतिहासिक शिकायतों को सामाजिक शांति को बाधित करने से रोक सकती है। भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने की रक्षा करने वाला भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण इसके विविध, बहुलवादी समाज में एकता बनाए रखने के लिए महत्त्वपूर्ण है।**

सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित करने और धर्मनिरपेक्षता की सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता है। न्यायपालिका अक्सर संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बनाए रखने के लिए प्रतिस्पर्धी धार्मिक दावों को संतुलित करती है (अनुच्छेद 25-28) । उदाहरण के लिए: एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ (1994) में, सर्वोच्च न्यायालय ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान की एक बुनियादी विशेषता घोषित किया, जिसने धार्मिक मामलों में राज्य की निष्पक्षता को मजबूत किया। यह सुनिश्चित करता है कि धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) दूसरों के अधिकारों या सार्वजनिक व्यवस्था का उल्लंघन नहीं करती है। न्यायालय ऐतिहासिक अभिलेखों और साक्ष्यों के माध्यम से धार्मिक स्थलों पर विवादों की जांच करते हैं, धार्मिक भावनाओं पर संवैधानिक सिद्धांतों पर ध्यान न्यायपालिका संवैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सांस्कृतिक या विरासत स्थलों के रूप में मान्यता प्राप्त धार्मिक संरचनाओं की सुरक्षा करती है। अरुणा रॉय बनाम भारत संघ (2002) में, न्यायालय ने अनुच्छेद 51 ए (एफ) के तहत समग्र संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जो विरासत धार्मिक स्थलों पर विवादों में प्रासंगिक है। न्यायालय प्रक्रियात्मक निष्पक्षता के साथ धार्मिक विवादों का निपटारा करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी पक्षों को बिना किसी पूर्वाग्रह के सुना जाए। ज्ञानवापी मस्जिद-काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद में न्यायपालिका ने साक्ष्यों के संग्रह और मूल्यांकन में प्रक्रियागत अनुपालन पर जोर दिया है, जिससे निष्पक्ष सुनवाई के सिद्धांतों को सुनिश्चित किया जा सके। धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में न्यायपालिका को संविधान के संरक्षक के रूप में

## अखंड ज्योति अस्पताल पूर्वी भारत में लाखों लोगों के जीवन को रोशन करने के लिए एक गेम-चेंजिंग पहल शुरू करेगा

छपरा। अखण्ड ज्योति आई हॉस्पिटल, पूर्वी भारत में आंखों की देखभाल में सुधार के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल, ‘विजन 2030’ लॉन्च करने जा रहा है। यह कार्यक्रम 7 दिसंबर को मस्तीचक, बिहार में आयोजित होगा, जहां 50 फीट ऊंची श्रद्धेय श्रीराम शर्मा आचार्य जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य लाखों लोगों की दृष्टि को बहाल कर उनकी जिंदगी में उजाला लाना है। भारत में हर पांचवां अंध व्यक्ति दुनिया में सबसे ज्यादा है। बिहार में 5 लाख लोग पूरी तरह से अंधे हैं, जबकि 40 लाख लोगों को एक आंख में मोतियाबिंद है, और 1.9 करोड़ लोग दृष्टिहीनता से जूझ रहे हैं। इसका मुख्य कारण है ग्रामीण इलाकों में सस्ती और गुणवत्तापूर्ण आंखों की देखभाल की कमी। बिहार में केवल 1 नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रति 10 लाख लोगों पर है, जबकि राष्ट्रीय औसत 1 विशेषज्ञ प्रति 56,000 लोगों का है। गरीबी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और शिक्षा की निम्न स्थिति इस संकट को और गहरा बनाते हैं। विजन 2030 योजना के तहत, अखण्ड ज्योति आई हॉस्पिटल ने निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 1.2 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग 20 लाख सर्जरी, जिसमें से 16 लाख मुफ्त होंगी। 1,500 गरीब लड़कियों को प्रशिक्षित कर कुशल ऑप्टोमेट्रिस्ट बनाया जाएगा और इस पहल के अंतर्गत डोर-टू-डोर स्क्रीनिंग, गांव स्तर पर शिविर, विजन वैन और विजन सेंटर के माध्यम से नेत्र रोगों की प्रारंभिक पहचान की जाएगी।

## कल्याण से एक सप्ताह पूर्व लापता बुजुर्ग का पता न चला



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** चिंचपाड़ा कल्याण पूर्व में रहने वाले ७५ वर्षीय बुजुर्ग जटाशंकर मिश्र जो कि पिछले सप्ताह अपने निवास से कहीं चले गए उनका अभी तक कुछ पता न चला। जिसके कारण लापता बुजुर्ग जटाशंकर के परिजनों का बुरा हाल हो गया है। लापता बुजुर्ग जटाशंकर के पुत्र ने उनके गायब होने की खबर कोलसेवाड़ी पुलिस थाने में मिसिंग शिकायत क्रमांक १८८/२०२४ के तहत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पूर्व के चिंचपाड़ा में रहने वाले ७५ वर्षीय बुजुर्ग जटाशंकर मिश्र अपने बेटे के रूपेश के साथ रहते थे। २९ नवंबर की शाम को एकाएक अपने घर से जटाशंकर बाहर निकले और आज तक वापस नहीं आए। जिसके कारण गायब हुए बुजुर्ग जटाशंकर का अभी तक कुछ भी अता पता न चलने से उनके परिजनों का बुरा हाल हो गया है। उन्हें अल्जाइमर ( हर बात भूल जाने ) की बीमारी है। गायब हुए बुजुर्ग जटाशंकर के पुत्र रूपेश अपने पिता के गायब होने की शिकायत कोलसावाड़ी पुलिस थाने में दर्ज कराई है। इसके अलावा यदि किसी को भी जटाशंकर के बारे में जानकारी मिले तो वे मोबाइल क्रमांक 9324511394/ 9819638340 पर सूचित किए जाने की अपील की है।

## साकीनाका के तूंगा गांव में रामकथा का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** साकीनाका के तुंगा गांव में समर्पण सेवा समिती की ओर से भव्य रामकथा का आयोजन शुरू है। यह रामकथा समता मैदान में २९ नवंबर से शुरू होकर सात दिसंबर तक चलेगी। इस राम कथा महोत्सव मे चित्रकुट धाम से कथावाचिका माता अखिलेश्वरी [ मानस माधुरी] के अमृतावाणी से संपूर्ण विभाग भगवान राम की भक्ति में लीन हो गया है। शाम ७ बजे से शुरू हो रही इस रामकथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हो रहे हैं।८ दिसंबर को महाभंडारे का आयोजन किया गया है। समर्पण सेवा समिति की ओर से हर साल रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के संस्थापक मोतीलाल पांडे हैं। अध्यक्ष राकांपा चांदीवली के तालुका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, कार्याध्यक्ष प्रभाशंकर मिश्र, संरक्षक राधेश्याम उपाध्याय, सचिव सुनील गुप्ता और कोषाध्यक्ष सुरजन सिंह हैं।

## पुणे में स्कूल बस में आग लगी, कोई हताहत नहीं



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे शहर के खराडी क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक स्कूल बस में आग लग गयी और इस घटना में कम से कम 15 छात्र बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि घटना तुलजा भवानी नगर इलाके में दोपहर के समय हुई। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्कूल से छुट्टी होने के बाद छात्र अपने घर जा रहे थे। उन्होंने बताया, चालक स्कूल बस में छात्रों को लेकर जा रहा था तभी दोपहर करीब 2:45 बजे उसने वाहन से धुआं निकलता देखा। उसने तुरंत बस रोकी और वहां मौजूद लोगों की मदद से छात्रों को बस से उतारा। छात्रों के बस से उतरने के बाद चालक ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन पूरी बस में आग लग गई और वह पूरी तरह जल गई। उन्होंने कहा कि दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया ऐसा लग रहा है कि आग शॉर्ट-सर्किट के कारण लगी है, लेकिन वास्तविक कारण पता लगाया जा रहा है।

## भिवंडी यातायात पुलिस पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**भिवंडी।** भिवंडी के गोदाम क्षेत्र में बढ़ती यातायात जाम की भारी समस्या को लेकर प्रमुख मार्ग अंजूर फाटा, नदीनाका, कल्याण नाका, सांई बाबा, अजूर फाटा बसई मार्ग , भिवंडी ठाणे रोड़, अजूरफाटा मानकोली जैसे प्रमुख मार्गों पर रोजाना घंटों तक लोग जाम में फंसे रहते है। इस यातायात जमा की समस्त की आड़.में नारपोली यातायात विभाग पुलिस पर नकली चलान देकर भारी वाहनों को शहर में प्रवेश की अनुमति देने का आरोप लगा है। भिवंडी जिला कांग्रेस कमिटी ग्राहक संरक्षण सेल के उपाध्यक्ष चर्चिन ज्ञानेश्वर सुतार ने इस मामले को उजागर करते हुए ठाणे वाहतूक विभाग के पुलिस उपायुक्त को पत्र लिखा है।उन्होंने आरोप लगाया है कि नारपोली वाहतूक शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश पाटिल और पुलिस हवलदार दरगुडे ने भ्रष्टाचार करते हुए ७२ गाले चौकी से नकली चलन के जरिए मल्टी-एक्शल गाड़ियों को शहर में प्रवेश दे रहे है ।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि नकली चलन के जरिए शासन को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन गाड़ियों के प्रवेश से जहां शहर की ट्रैफिक समस्या बढ़ रही है।

# मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस के हाथों होगा आगरी महोत्सव का उदघाटन

## उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी रहेंगे मौजूद



**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** वर्ष 2004 में शुरू हुआ आगरी महोत्सव हर साल बड़े ही शानदार और धूमधाम से आयोजित किया जाता है। आगरी समाज ने कला, साहित्य, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कर पूरे विश्व में अपना परचम लहराया। इस महोत्सव में ऐसे हीरों का सार्वजनिक सम्मान किया जाता है। आगरी यूथ फोरम के अध्यक्ष गुलाब वजे ने प्रेसवार्ता में बताया कि आगामी 10 दिसंबर से 17 दिसंबर तक डोंबिवली पूर्व के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू होने वाले '20वें अखिल भारतीय आगरी महोत्सव' का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के हाथों से किया जाएगा साथ ही उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहेंगे। इस प्रेसवार्ता में संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष जालिंदर पाटिल, विश्वनाथ रसाल, कोषाध्यक्ष पांडुरंग म्हात्रे, पदाधिकारी शरद पाटिल, भानुदास भोईर, संतोष संते, गुरुनाथ म्हात्रे, जयेंद्र पाटिल, प्रवीण पाटिल, कांता पाटिल, अशोक पाटिल, अनंत पाटिल, दत्ता वजे, प्रभाकर चौधरी आदि मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, आगरी समाज के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद रामशेठ ठाकुर, पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, वरिष्ठ सामाजिक नेता दशरथ पाटिल, पूर्व केंद्रीय पंचायत राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल, पूर्व मंत्री गणेश नाइक, सांसद सुरेश म्हात्रे, सांसद संजय दीना पाटिल, सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे और अन्य गणमान्य व्यक्ति महोत्सव में शिरकत करेंगे। आगरी महोत्सव के बारे में अधिक जानकारी देते हुए गुलाब वजे ने कहा, महोत्सव में 'लाडली बहन' प्रस्तुति के लिए एक दिन आरक्षित रखा गया है, और उस दिन मंच से सारी व्यवस्थाएं महिलाओं को दी जाएंगी। इसके करीब एक सप्ताह तक विविध सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार रहेगी।




भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के पुण्य तिथि के मौके पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए के.सी.एन.क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्र ₹त्यागी₹। छायांकन : उत्तरशक्ति



भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के पुण्यतिथि के मौके पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए बोईसर पालघर पत्रकार संघ अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, कार्याध्यक्ष जयप्रकाश पाटील, उपाध्यक्ष भूपनारायण शुक्ल व महासचिव मोहन म्हात्रे। छायांकन : उत्तरशक्ति

# पेट्रोल पंप ने जमा कराया 90 लाख बकाया टैक्स



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों के खिलाफ केडीएमसी की ओर से शुरू की गई कार्रवाई को सफलता मिलती दिख रही है। कल्याण के एक मशहूर पेट्रोल पंप के दफ्तर को सील करने के बाद इस कंपनी ने ड्ब्ल्उ के पास करीब 90 लाख का बकाया जमा कर दिया है. केडीएमसी आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के आदेशानुसार और उप आयुक्त स्वाति देशपांडे के मार्गदर्शन और 'बी' वार्ड क्षेत्र के कर अधीक्षक प्रमोद पाटिल के मार्गदर्शन में किया गया है।

केडीएमसी आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के आदेशानुसार एवं उपायुक्त स्वाति देशपांडे के मार्गदर्शन में नगर निगम के ₹बी₹ वार्ड के कर संग्रहण विभाग द्वारा इसे सील कर दिया गया। केडीएमसी द्वारा एक राष्ट्रीय कंपनी के पेट्रोल पंप कार्यालय को सील करने से हड़कंप मच गया। कार्यालय को सील कर न सिर्फ कर वसूली बंद कर दी गयी, बल्कि कर वसूली के लिए विभाग लगातार कार्रवाई करता रहा.इस ऑफिस को सील करने के कुछ ही दिनों के भीतर कंपनी ने बकाया टैक्स राशि में से 7 लाख 82 हजार रुपये का भुगतान कर दिया. लेकिन इसके बाद भी बकाया रकम वसूलने के लिए बी डिविजन टैक्स विभाग ने इस पेट्रोलियम कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी थी. यह फॉलोअप दो महीने बाद सफल हुआ और उसी दिन संबंधित पेट्रोलियम कंपनी की ओर से 87 लाख 32 हजार 271 रुपये का चेक केडीएमसी को जमा कर दिया गया. इसके बाद भी कर वसूली की यह कार्रवाई जारी रहेगी और कर अधीक्षक प्रमोद पाटिल ने संपत्ति कर बकायादारों से जल्द से जल्द अपनी राशि जमा कराने की अपील की है.



महाराष्ट्र प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के सपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के पश्चात मुंबई स्थित आजाद मैदान में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से मुलाकात करते हुए भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पालघर जिला सह प्रभारी तुलसीराम केवट । छायांकन : उत्तरशक्ति

## जि.प. मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे ने वाडा तहसील में नरेगा के कार्यों का किया निरीक्षण



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्र शिंदे ने गुरुवार 5 दिसंबर 2024 पालघर जिले के वाडा तहसील का दौरा कर नरेगा के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रा.प.) चन्द्रशेखर जगताप, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (नरेगा) अतुल पारसकर, गट विकास अधिकारी पंचायत समिति वाडा के साथ दौरा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

इस दौरान ग्राम पंचायत मांडवा के अंतर्गत चल रहे डीएस-गवली पाड़ा, बाला कडु के खेत के पास तटबंध से मिट्टी हटाने के कार्य का अवलोकन किया। उक्त कार्य में कार्यरत 148 मजदूर मौजूद थे। इस दौरे के दौरान रवींद्र शिंदे ने मजदूरों के साथ बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही पं.स.वाडा, ग्राम पंचायत परली के अंतर्गत चल रहे एन.एस.-कदल नाला सीधीकरण के कार्य का भी अवलोकन किया। इस दौरान कार्य पर उपस्थित 118 मजदूरों के साथ चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उसके पश्चात मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को श्रमिकों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर पं.स. वाडा उप अभियंता निर्माण पी, विस्तार अधिकारी, पं.स.वाड़ा, सहायक कार्यक्रम अधिकारी (नरेगा), तकनीकी अधिकारी (नरेगा) मौजूद रहे।



मुंबई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से भारतीय संविधान के निमार्ता महामानव डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर चैत्यभूमि में भोजनदान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोजनदान करते हुए महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत दादा पवार, मुंबई कार्याध्यक्ष सिद्धार्थ दादा टी. कांबले, महाराष्ट्र के महामंत्री संतोष धूवाली, जिला अध्यक्ष महेंद्र पानसरे, सुरेश भालेराव, नंदू सवने और चांदीवली विधानसभा राकांपा के तालुका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## मुंबई में वार्ड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाए जौहर

**मुंबई।** वार्ड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के समापन समारोह में में बीएआरसी के वैज्ञानिक शशिकांत धारणे, जयंत जोशी ,वीईएस की ट्रस्टी सुश्री रीता वजरानी और बृहन्मुंबई उत्तर विभाग के शिक्षण निरीक्षक डॉ. मुश्ताक शेख के हाथों छात्रों में पुरस्कार वितरण किया गया। एल विभाग के इस समारोह में कुल 71 स्कूलों के 602 छात्रों ने हिस्सा लिया था ' इस समारोह में शामिल 71 स्कूलों की शिक्षक ,शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद थे ' तीन दिवसीय शाश्वत विषय पर आधारित इस समारोह में 305 प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी में छात्रों ने एक से बढ़ कर एक कला का प्रदर्शन किया ' इस कड़ी में दिलचस्प बात यह है कि दिव्यांग छात्रों ने यह साबित कर दिया कि हम किसी से कम नहीं हैं ' इस मौके पर निमंत्रक स्वामी विवेकानंद विद्यालय एवम जूनियर कॉलेज तथा विवेकानंद इंग्लिश हाई स्कूल प्रबंधन के सभी सदस्य मौजूद थे ' गौरतलब है कि नेहरु नगर के शिव-सृष्टि स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय एवम जूनियर कॉलेज व विवेकानंद इंग्लिश हाईस्कूल में एल वार्ड द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ ' 3 से 5 दिसंबर तक चले इस विज्ञान प्रदर्शनी में बालवैज्ञानिकों ने शिक्षकों के साथ -साथ बीएआरसी के वैज्ञानिकों को चौंका दिया ' एल विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिकता के इस युग में विज्ञान के प्रति जागरूक करना था।

इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था ' प्रदर्शनी का मुख्य विषय ₹ शाश्वत ₹ भविष्य के लिए विज्ञान एवं तंत्रज्ञान, दैनिक जीवन में तकनीकी और विज्ञान की बढ़ती उपलब्धि के महत्व को दशार्ने के लिए विधालय के उपक्रमों के जरीय छात्रों में विज्ञान के प्रति प्रोत्साहित करना था ' लेकिन इन स्कूलों के बालवैज्ञानिकों ने इस प्रदर्शनी में कई ऐसे नमूने दिए जो कल्पना से परे थीं 'आधुनिकता के इस युग में इन स्कूलों के बालवैज्ञानिकों ने देश की सम्मानित संस्थानों के वैज्ञानिकों को अचंभे में डाल दिया।

305 प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी में लगभग 71 स्कूलों के 602 छात्रों ने हिस्सा लिया ' प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथियों में आई. एम. डी. के वैज्ञानिक सुनील कांबले और आर. सी. एफ. एल की वैज्ञानिक श्रीमती नंदा कुलकर्णी, शिक्षण निरीक्षक उत्तर विभाग के डॉ. मुश्ताक शेख, उपनिरीक्षक गणेश खाडे, विज्ञान प्रदर्शनों में सहभागी समस्त शिक्षकों, बालवैज्ञानिकों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई ' जानकारी के मुताबिक वार्ड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विवेकानंद इंग्लिश हाईस्कूल की बैंड पार्टी और हिंदी विद्यालय के एनसीसी की छात्राओं ने परेड के साथ सलामी देते हुए प्रमुख अतिथियों के आगमन का स्वागत किया।

शिक्षण निरीक्षक डॉ. मुस्ताख शेख, उपनिरीक्षक गणेश खाडे, श्रीमती भक्ति गोरे, दिनकर पाटील के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद विद्यालय के हिंदी माध्यम प्रधानाचार्य श्रीमती गीता ए. सिंह, अंग्रेजी माध्यम की श्रीमती प्रणति मित्रा, संयोजिका श्रीमती विधा फलके, जमीला शेख , सुमन शर्मा , पर्यवेक्षक सुमन सिंह, अरुणा मिश्रा और सभी सहनिमंत्रक समितियों के सदस्य और सभी स्कूलों के अध्यापकों के अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल रहा।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# यू.पी. कॉलेज के बाहर छात्रों ने काटा बवाल, पुलिस ने छात्रों को अंदर जाने लगाई रोक

## हनुमान चालीसा पढ़ने की जिद, बढ़ी धक्का मुक्की

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। यू.पी. कॉलेज परिसर में मुस्लिमों के नमाज पढ़ने को लेकर छात्रों ने अपनी भारी नाराजगी जताई। शुक्रवार को सैकड़ों छात्रों ने कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन किया। अंदर जा रहे छात्रों को पुलिस ने गेट बंद कर बाहर ही रोक दिया। मौके पर घंटों पर जय श्रीराम के नारों के साथ छात्र जमे रहे। छात्रों और पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई। छात्र अंदर जाकर हनुमान चालीसा पढ़ने की मांग पर जिद कर रहे थे। छात्र नेताओं ने कहा कि वक्फ बोर्ड के लोग वाराणसी की शांति व्यवस्था को बिगाड़ना चाहते हैं। यहां अब कोई भी नमाज नहीं पढ़ेगा। इसके लिए हम सारी लड़ाईयां लड़ने को तैयार हैं। पुलिस प्रशासन और एसीपी विद्युत सक्सेना ने उग्र छात्रों को समझाकर लौटा दिया। एसीपी ने बताया कि वीडियो में जो उग्र छात्र दिखेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुछ छात्र पुलिस की जीप पर चढ़ गए थे। उन्हें उतारकर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके पहले पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने यूपी कॉलेज प्रशासन ने परिसर का माहौल शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की थी। अनुरोध किया था कि शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों। किसी भी तरह से माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी।






मुख्यमंत्री ने की विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा, तब वायरल हुआ विवादित पत्र यूपी कॉलेज के 115वें स्थापना दिवस समारोह में गत 25 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए थे। उन्होंने घोषणा की थी कि ऐतिहासिक महत्ता वाले यूपी कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद वर्ष 2018 का एक पुराना पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पत्र के अनुसार वक्फ बोर्ड ने यूपी कॉलेज प्रशासन को नोटिस दिया है। नोटिस में कहा है कि वसीम अहमद के अनुसार यूपी कॉलेज की जमीन वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। यूपी कॉलेज ने वक्फ की संपत्ति पर कब्जा कर रखा है। यूपी कॉलेज प्रशासन द्वारा जवाब न देने पर जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति के तौर पर कब्जा कर लिया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक को लगी गोली

## घटना के बाद इलाके में मचा हड़कंम

**रियाजुल हक क्राइम रिपोर्टर**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सिकरारा थाना क्षेत्र के कूढ़ा गांव में गुरुवार को एक तिलक समारोह के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में चमन तिवारी (निवासी प्रतापगढ़) को गोली लग गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां उसका इलाज जारी है प्राप्त जानकारी के अनुसार, कूढ़ा गांव में राधेश्याम तिवारी के यहां तिलक का कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने चमन तिवारी अपने चार साथियों के साथ बोलेरो गाड़ी से आ रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के प्रयास में बोलेरो पहले ट्रैक्टर और फिर एक राइस मिल से टकरा गई। इसके बाद कहासुनी बढ़ने लगी। इसी दौरान, अज्ञात बाइक सवार ने चमन तिवारी पर गोली चला दी। जो उनके बांह में लगी घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित सिंह मौके पर पहुंचे गये।घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया बोलेरो में सवार अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ सिटी देवेश कुमार सिंह ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा कर रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच तेज कर दी गई है।जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



# हज यात्रियों का प्रशिक्षण के लिए आवेदन 13 दिसम्बर तक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा हज-2024 में हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन हेतु आवश्यक निर्देश निम्नवत है। ऑनलाइन आवेदन दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 11.00 बजे आरम्भ हो गया जो 13 दिसम्बर, 2024 को रात्रि 11.59 बजे तक जारी रहेगा। ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट पर किया जायेगा। हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा दिसम्बर 2024 के तीसरे सप्ताह में लिखित परीक्षा ली जाएगी। प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिल्ली में जनवरी, 2025 के प्रथम सप्ताह में सम्भावित है। केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। 150 हज आवेदकों पर 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। समस्त जिलों से प्रशिक्षकों का प्रतिनिधित्व हो। किसी जनपद में 150 हज आवेदकों से कम संख्या होने पर भी 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। पूर्व प्रशिक्षक जिनको पिछला अनुभव है व पर्याप्त ज्ञान हो, का चयन किया जाएगा। गत वर्षो में जिनका बार-बार चयन हुआ हो परन्तु उनके द्वारा निराशाजनक प्रदर्शन किया गया है उनका चयन नही किया जाएगा। प्रशिक्षक के रूप में शिक्षित, ईमानदार, कुशल, मेहनती और मृदुभाषी व्यक्तियों का चयन किया जाए। ऑनलाइन आवेदन के समय निर्धारित प्रपत्र भी अपलोड करना आवश्यक होगा। प्रशिक्षक हेतु आयु 30 नवम्बर, 2024 को 25 वर्ष से कम व 60 वर्ष से अधिक न हो (जन्म तिथि 01 दिसम्बर, 1964 से पूर्व की न हो) समुचित संख्या में महिलाओं का भी चयन किया जाए जिससे कि महिला हज आवेदकों को प्रशिक्षण दे सकें। आवेदक के विरूद्ध किसी भी आपराधिक रिकार्ड उपलब्ध होने की स्थिति में उनका चयन नही किया जायेगा।गत पॉच वर्षो में हज किया होना अनिवार्य है। अंग्रेजी/उर्दू/हिन्दी व स्थानीय भाषा बोलने व समझने में निपुण हो। हज एवं उमराह के अरकानों एवं उसके क्रियान्वयन की पूर्ण जानकारी रखता हो। मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ हो। भीड़/समूह को सम्बोधित करने व नियंत्रित करने का अनुभव हो। कम्प्यूटर की जानकारी रखता हो ताकि हज से सम्बन्धित सूचनाओं का आदान-प्रदान ई-मेल, व्हाटसैप आदि सुविधाओं का संचालन एवं यात्रियों से आदान-प्रदान भलि-भाँति कर सके।

हज सुविधा एप से पूर्णतः भिज्ञ हों। जो आवेदन सही पाये जाएंगें उन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार राज्य हज समिति अथवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला स्तर पर किया जायेगा।

# खेतासराय पुलिस ने शांति भंग में सात को किया पाबंद

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)।खेतासराय पुलिस टीम ने क्षेत्र के मवई और भदैला गाँव से सात लोगों को शांतिभंग में शुक्रवार को सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था में बनाएं रखने में खलल डालने के आरोप में सात लोगों को बंदी बना लिया गया। जिसको विधिक कार्यवाई करते हुए चालान भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में मनीष कुमार सिंह पुत्र स्व.तेज बहादुर सिंह, शिवकुमार सिंह पुत्र स्व. श्याम नारायन निवासीगण भदैला,थाना खेतासराय, वही क्षेत्र के मवई गाँव निवासीगण जनार्दन चौहान पुत्र स्व.रामबली चौहान, सूरज यादव पुत्र सभाजीत यादव, आलोक यादव पुत्र सुरेन्द्र प्रताप यादव, विवेक यादव पुत्र विजय प्रताप यादव व श्याम सिंह यादव पुत्र रामस्वारथ यादव को गिरफ्तार किया गया। उक्त सभी को थाने लाकर विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय,उपनिरीक्षक भोलानाथ सिंह, शैलेंद्र कुमार राय, हेडकांस्टेबल विरेन्द्र प्रसाद, नफीस अहमद, शैलेष यादव व नीरज कुमार शामिल रहे।




# महिला ने घर से मारपीट कर निकालने का लगाया आरोप

**धर्मेन्द्र कुमार शर्मा,** बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तहसील क्षेत्र के मेढ़ा गांव में एक महिला को उसके ससुराल वालों ने मार पीट कर घर से बाहर निकाल दिया है। वही पीड़ित महिला का आरोप है कि उसके सास, ससुर, ननद व पति अपने रिश्तेदारों के साथ उसे बुरी तरह से मार पीट कर घर से निकलने का आरोप लगाई है। फिलहाल खुटहन पुलिस ने उक्त लोगों के दबाव में सिर्फ एनसीआर दर्ज करके मामले की लीपापोती में जुटी है। जानकारी के मुताबिक खुटहन थाना क्षेत्र के मेढ़ा गांव निवासी प्रियंका तिवारी पत्नी दीपक तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाई है कि ससुराल पक्ष के सास सरोजा देवी चचिया सास पूनम तिवारी, चचिया ससुर शिवशंकर तिवारी व बिरेन्द्र तिवारी तथा ननद नेहा तिवारी। बृजमनि तिवारी, अनीता और रिश्तेदार पुनीत तिवारी उसे शादी के कुछ वर्ष बाद से ही दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। जिस पर वह दहेज प्रताड़ना करने का मुकदमा दर्ज करावाई थी। उक्त मुकदमा को वापस लेने व समझौता के लिए ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दबाव बनाया गया नहीं मानने पर वह मारपीट कर घायल कर दिया।इस संबंध में थाना अध्यक्ष खुटहन ने बताया कि एनसीआर दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# शिकायत निस्तारण में पिंडरा तहसील को 19वीं बार मिला प्रथम स्थान

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के पिंडरा तहसील एक बार फिर प्रदेश में आईजीआरएस में प्रथम स्थान प्राप्त किया।अब तक कुल 19 वी बार प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर तहसील कर्मियों में खुशी की लहर दिखी। प्रदेश सरकार द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर नवंबर माह में शत प्रतिशत शिकायती पत्रों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने पर प्रथम स्थान दिया गया। इस बाबत एसडीएम पिण्डरा प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतो के निस्तारण के क्रम में शिकायतकर्ता से फोन से पूछताछ करने के बाद ही उसे पोर्टल पर डाला जाता है। प्रदेश में प्रथम स्थान मिलना निःसंदेह काम करने को प्रोत्साहित करती है। लेकिन इसके पीछे जिलाधिकारी का निर्देशन और तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग विशेष रूप से रहा।



# महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

**निशानाथ,** खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर-प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न थानाक्षेत्र के अंतर्गत बच्चियों एवं महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। जिसके क्रम में शुक्रवार को खेतासराय पुलिस टीम द्वारा कस्बा स्थित आदर्श भारतीय स्नातकोत्तर



महाविद्यालय में छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण के सरकार के तरफ से चलाएं जा रहे योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा संकट के समय में हेल्पलाइन नम्बर 1090, 1076, 1930, 112, 108, 181 के उपयोग के बारे में बताया गया। इस दौरान बताया गया कि किसी भी घटना के समय उक्त नम्बर पर तत्काल कॉल कर सकते है। इस जागरूकता अभियान में जागरूक करने के लिए उपनिरीक्षक कृपाशंकर यादव, महिला कांस्टेबल आशा रही।

# खेतासराय में यूनानी दवाखाना में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग

## दुकान बंद कर नमाज पढ़ने गया था दुकानदार

## दुकान का ताला तोड़कर लोगों ने बुझाई आग

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कस्बा के स्टेशन गली में शुक्रवार को एक यूनानी दवाखाना में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गयी। जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लेकिन आस-पास के दुकानदारों की सूझ-बूझ से आग को नियंत्रित कर लिया गया। लेकिन तब तक हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी को घटना की जानकारी तब हुई जब उसने जुमा की नमाज पढ़कर दुकान पर आया। जानकारी के अनुसार कस्बा के स्टेशन गली में सिद्दीकी यूनानी दवाखाना के नाम से एक दुकान है। जिसके प्रोपराइटर हकीम जफर सिद्दीकी है। बताया जाता है कि नित्य की भांति दुकान खोलकर बैठे थे। शुक्रवार होने के कारण समय से जुमा की नमाज अदा करने के लिए दुकान बंद कर मस्जिद चले गए थे। इतने में उक्त दुकान में शॉर्ट-सर्किट के चलते आग लग गयी। जिससे दुकान के बाहर जोर-जोर से धुआं निकलने लगा। जिससे अफरा-तफरी मच गई। दुकान के आस-पास के दुकानदारों ने हिम्मत जुटाकर दुकान का ताला तोड़कर और आग बुझाने वाले यंत्र और पानी की मदद से लोगों ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी जब जुमा की नमाज पढ़कर दुकान पर वापिस आया तो यह सब नजारा देख आवक हो गया।

# डीएम की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की हुई बैठक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग से संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना करते हुए अधिकारियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाई जाए। इमरजेंसी सेवाएं जैसे अस्पताल आदि में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चलनी चाहिए। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए।इस अवसर पर पुलिस कप्तान डॉ0 अजयपाल शर्मा,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहर, उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ओटीएस स्कीम से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं को बताया गया

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में विद्युत विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली ओटीएस स्कीम के सम्बन्ध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में ओ०टी०एस० स्कीम से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओ को बताया गया जैसे कि यह योजना तीन चरणों में क्रमशः 15 से 31 दिसम्बर 2024, 01 जनवरी से 15 जनवरी 2025 एवं 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलेगी इसमें सभी प्रकार के उपभोक्ताओं को सरचार्ज में नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी इस योजना का लाभ लेने हेतु पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बकाया धनराशि का 30 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में जमा किया जायेगा। कलेक्टिंग एजेंटों को सरचार्ज में छूट के उपरान्त जमा कराये गये सरचार्ज पर 10 प्रतिशत का प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी सी०एच०सी०, एस०एच०जी की विद्युत सखियों, मीटर रीडरो को अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने हेतु प्रचार प्रसार करने हेतु अनुरोध किया गया। ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सके।जिलाधिकारी के द्वारा सभी ग्राम प्रधानों से अपील की गई कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत कनेक्शन ले। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर भी पीएम सूर्य घर का सेटअप लगाया जा रहा है। बैठक में विद्युत विभाग के दोनो मण्डलों के अधीक्षण अभियन्ता समस्त अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियन्ता एवं सी०एस०सी०, एस०एच०जी० के एजेन्ट, विद्युत सखियों ग्राम प्रधान आदि उपस्थित थे।

# वेदांता हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाया गया विधायक रमेश सिंह का जन्मदिन

**विशाल सोनी**

**शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमेश सिंह का जन्म दिवस बड़े ही धूम धाम के साथ कार्यकर्ताओ सहित समर्थकों ने भी मनाया। गुरुवार की देर शाम नगर के दादर बाईपास स्थित वेदांता हॉस्पिटल के डाक्टर ज्ञानचंद चित्रवंशी, डाक्टर सुधाँशू,डाक्टर हिमांशू सहित समस्त स्टाफ ने मिलकर केक काटा और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। उक्त मौके पर डाक्टर ज्ञानचंद चित्रवंशी ने कहा की हम विधायक रमेश सिंह के लम्बी उम्र की प्रार्थना करते हैं और आशा करते हैं।की क्षेत्र के विकास,उन्नति और कल्याण के निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



क्षेत्र के गरीब, मजलूम, असहाय और पीड़ितों की आवाज बनकर विधानसभा में पुरजोर तरीके से आवाज उठाएंगे। तो वहीं डाक्टर सुधांशु चित्रवंशी और हिमांशू चित्रवंशी ने संयुक्त रूप से विधायक के दीघार्यू की कामना की। उक्त मौके पर विधायक प्रतिनिधि हीरा सिंह, सूर्यकांत त्रिपाठी, दीलीप कुमार, अंकेश, सुशील यादव, सनी यादव, सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाएं जा रहे धर-पकड़ अभियान के क्रम खेतासराय पुलिस टीम ने नाबालिक से अप्राकृतिक दुष्कर्म करने वाला नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे थाने लाकर विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि क्षेत्र के रुधौली गाँव स्थित पंचायत भवन के पास नाबालिक बालक से दुष्कर्म करने वाले नामजद आरोपी को शुक्रवार को मुखबीर की सूचना पर कलवारी पोखरे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सचिन विश्वकर्मा पुत्र विनोद विश्वकर्मा (20)। इसके खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। थाने लाकर




विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उपनिरीक्षक रवींद्रनाथ तिवारी, हेडकांस्टेबल मैनुद्दीन अंजारी, राकेश कुमार, शुभम त्यागी बिकेश चौहान शामिल रहे।

# अंबेडकर का मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में जनपद में विभिन्न स्थानों पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।अम्बेडकर तिराहे पर स्थापित डा0 भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम सहित अन्य अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी भारतीयों के लिए आज का दिन प्रेरणा का दिन है, बाबा साहब ने भारतवर्ष के साथ साथ पूरे विश्व को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित किया है। कोई भी व्यक्ति धर्म जाति से ऊपर उठकर अपने ज्ञान और प्रतिभा की बदौलत आगे बढ़कर अपने देश का गौरव बढ़ा सकता है। बाबा साहब ने महिलाओं की शिक्षा पर बल दिया, छुआछूत को मिटाने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने बाबा साहब को नमन करते हुए अपील किया कि हमें संविधान ने जो अधिकार दिया है, उसका पालन करें तो कोई भी व्यक्ति अपनी गरिमां से वंचित नही रहेगा और भारत के विकास में अपना योगदान देगा। जिलाधिकारी के द्वारा सफाई मित्रों मनोज, विनोद, दिनेश, चन्दा सहित अन्य को माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उन्होने कहा कि हमारे स्वच्छता प्रहरी इसी प्रकार कार्य करते हुए जनपद को स्वच्छ, स्वस्थ और निर्मल बनाने का कार्य करें।कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में भी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डा0 भीमराव अंबेडकर जी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर पवन सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जौनपुर पवन कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।



## संजय पोतनीस को तीसरी बार विधायक बनने पर दी बधाई



**मुंबई।** गत 2024 कालीना विधानसभा के विधायक संजय पोतनीस को लगातार तीसरी बार विजयी होने पर उनके कार्यालय में लोगों ने शाल व श्रीफल देकर बधाई दी। बधाई देने वालों में उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता सुखविंदर सिंह, देवदास मुरांजन सहित कई लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों के लिए कभी भी किसी भी समय मिलने के लिए मैं हर संभव उपस्थित रहूंगा।आप लोगों की शिकायतों को हर संभव निस्तारण करने का प्रयास करूंगा।

## विकास के साथ-साथ हिंदुत्व को मजबूत करेंगे फडणवीसः ज्ञान प्रकाश सिंह



**जौनपुर।** महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जन समर्पित तथा कर्तव्यनिष्ठ मुख्यमंत्री बताते हुए जौनपुर के प्रख्यात समाजसेवी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि अगला 5 वर्ष महाराष्ट्र के विकास का स्वर्णिम कार्यकाल होगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सनातन और हिंदुत्व को मजबूती मिलेगी। लोक कल्याणकारी योजनाओं से सबका विकास होगा तथा सर्वत्र सुख, शांति और खुशहाली होगी। ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस सुलझे हुए मुख्यमंत्री रहे हैं। उनकी दूरदर्शिता और पक्का इरादा का सभी लोहा मानते हैं। वे जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**वसई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी नेवोडा फोन गॅलरी के पास अंबाडी रोड पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित हुए और डॉक्टर बाबासाहब आंबेडकर को विनम्र अभिवादन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर वसई शहर मंडळ अध्यक्ष महेश सरवणकर, एससी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन इंगोले, एसटी मोर्चा अध्यक्ष चेतन, वसई शहर मंडल सरचिटणीस दीपक शर्मा, मनोज शर्मा, मनोज चोटलिया,संजय अचीपोलिया, तेजस महिला मोर्चा अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डॉक्टर बाबा भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**नालासोपारा।** डॉ. महामानव विश्वरत्न बाबासाहेब अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस के मौके पर नालासोपारा पश्चिम जनसंपर्क कार्यालय में विधायक राजन नाइक अपने सभी साथियों के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विनीत तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मनोज भारुड, महिला मोर्चा जिला महामंत्री संध्या दुबे, नालासोपारा पश्चिम मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश वाजे सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## गति दायक, अधिनायक, महानायक तू... देवेन्द्र तू !

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में बीजेपी नेता देवेंद्र फड़णवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. 10 दिन से चल रहा ₹मुख्यमंत्री कौन होगा?₹ ये मसला आखिरकार खत्म हो गया है और महाराष्ट्र में देवेन्द्र फड़णवीस के नेतृत्व में महायुति सरकार वापस सत्ता में लौट आई है। इसके बाद हर तरफ से फड़णवीस को बधाइयां और सराहना मिल रही है। इसी धमाधम में देवेन्द्र फडणवीस के करीबी बीजेपी नेता विधायक रवींद्र चव्हाण ने सोशल मीडिया के जरिए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को बधाई देते हुए एक गीत साझा किया है। इस गीत में देवेन्द्र फड़णवीस की विभिन्न विशेषताओं का वर्णन किया गया है और इस गीत का वीडियो फडणवीस के नेतृत्व में किए गए विभिन्न विकास कार्यों का विवरण देता है। इस बारे में विधायक रवींद्र चव्हाण से बात करने पर उन्होंने कहा, देवेन्द्र फड़णवीस हों या कोई भी बीजेपी नेता, जो कहते हैं वो करते हैं। 'नए महाराष्ट्र के निर्माण के लिए मैं फिर आऊंगा' ऐसा वचन देवेन्द्र फडणवीस जी ने महाराष्ट्र को दिया था। आज से देवेन्द्र पर्व की शुरूआत अगले 5 वर्षों में फड़णवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार एकजुट रहेगी और महाराष्ट्र को प्रगति के शीर्ष पर ले जाएगी, ऐसा रवीन्द्र चव्हाण ने कहा.

## ताड़ पत्री शेड पर मनपा की तोड़क कारवाई



– तारकेश्वर पांडे

**मीरा रोड (उत्तरशक्ति)।** गत 5 दिसंबर गुरुवार को यूनीक गार्डन गौरव सिटी मीरा रोड में, कार्यात्मक क्षेत्रों और व्यावसायिक उपयोग, दुकानों, होटलों आदि के लिए ताड़ पत्री से सड़क के किनारे शेड का निर्माण किया गया था। जिसको तोड़ने के लिए प्रभाग क्रमांक 4 के अधिकारी द्वारा ठोस कारवाई किया गया। यह कारवाई उक्त एम.एन.पी अपर आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे के मार्गदर्शन में,और अतिक्रमण विभाग के प्रमुख, नरेंद्र चव्हाण के आदेशानुसार, वो सह आयुक्त स्वप्निल सावंत, कनिष्ठ अभियंता ऋषिकेश चोंदे, कनिष्ठ अभियंता भावेश जाधव,क्लर्क महेंद्र गावंड, वो हॉकर टीम के प्रमुख सचिन सालुंखे, पुलिस कांस्टेबल, अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी और महाराष्ट्र सुरक्षा बल के जवान उपस्थित थे। लिहाजा अतिक्रमण के बात करें और देखा जाए तो ऐसे कई जगह मीरा भायंदर शहर में सड़क के किनारे ताड़ पत्री लगाकर फर्नीचर और कपाट अलमारी के व्यवसाय किया जा रहा है। अब देखना यह होगा की अपर आयुक्त संभाजी पानपट्टे, और अतिक्रमण विभाग के प्रमुख नरेंद्र चव्हाण, ने आगे भी इसी तरह से तोडक कारवाई करेंगे, या फिर इसी तरह कारोबार चलता रहेगा।

## ब्लू डार्ट ने लॉजिस्टिक्स में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एफिलिएट प्रोग्राम की शुरूआत

मुंबई (उत्तरशक्ति)। दक्षिण एशिया में एक्सप्रेस एयर और इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन सेवाएँ उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कंपनी, ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने अपने टेक्नोलॉजी पार्टनर्स और इकोसिस्टम इनेबलर्स के लिए अपनी तरह के पहले ब्लू डार्ट एफिलिएट प्रोग्राम (BDAP) के लॉन्च की घोषणा की है। यह प्रोग्राम सचमुच काफी इनोवेटिव है जिसे टेक्नोलॉजी इनेबलर्स के साथ सहयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। साथ ही, यह ब्लू डार्ट के एडवांस्ड लॉजिस्टिक्स सोल्यूशन के इंटीग्रेशन को सुविधाजनक बनाते हुए सभी एफिलिएट्स के लिए रेवेन्यू के नए अवसरों की पेशकश करता है। इस प्रोग्राम में भाग लेने वाले एफिलिएट्स, ब्लू डार्ट की सेवाओं का प्रचार-प्रसार कर सकते हैं, नए ग्राहकों को जोड़ सकते हैं और हर महीने शानदार इन्सेंटिव्स प्राप्त कर सकते हैं। यह टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स और इंडस्ट्री के अग्रणी लॉजिस्टिक्स नेटवर्क की बेमिसाल जुगलबंदी है, जो साथ मिलकर काम करते हैं और अपने ग्राहकों को दोनों का फायदा देते हैं। एफिलिएट्स को बाजार में सबसे भरोसेमंद एवं अग्रणी ब्रांड के साथ साझेदारी करने, वर्ल्ड-क्लास एवं इस इंडस्ट्री के सबसे बेहतर नेटवर्क को एक्सेस करने, और ब्लू डार्ट के अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस एवं APIs को जल्दी एक्सेस करने का फायदा मिलता है। सच्ची लगन से काम करने वाली सहायता टीम सहज तरीके से सहयोग सुनिश्चित करती है, जिससे एफिलिएट्स अपने सॉल्यूशंस बनाने पर ध्यान दे सकेंगे, जबकि ब्लू डार्ट लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सभी जरूरतों को पूरा करेगा। आने वाले समय को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह प्रोग्राम भविष्य के लिए तैयार इंटीग्रेशन की पेशकश करेगा, जिसमें सिंगल-विंडो सॉल्यूशन के जरिये ब्लू डार्ट-डीएचएल प्रोडक्ट लाइन्स को एक्सेस करना शामिल है, जो लंबे समय में प्रगति के साथ-साथ इनोवेशन को बढ़ावा देगा। लॉन्च के मौके पर, ब्लू डार्ट के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, दीपांजन बैनर्जी ने कहा, ₹ब्लू डार्ट में, इनोवेशन हमारे हर काम का सबसे अहम हिस्सा है। हमारे एफिलिएट प्रोग्राम के लॉन्च के बाद, टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स के साथ मिलकर काम करने और विश्व स्तरीय एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने का हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है।

## केनरा बैंक ने दरभंगा में लोन उत्सव और एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया



दरभंगा(उत्तरशक्ति)। केनरा बैंक ने दरभंगा में स्थित लक्षेश्वर सर्वजनिक पुस्तकालय मैदान में अपने प्रमुख कार्यक्रम ₹लोन उत्सव और एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम 2024₹ का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्राहकों, स्थानीय बिल्डरों, ऑटोमोबाइल डीलरों, शैक्षिक संस्थाओं और स्थानीय कारीगरों से भारी संख्या में भागीदारी देखी गई, जिससे यह कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक भुवेंद्र कुमार और रविप्रकाश जायसवाल, महाप्रबंधक, केनरा बैंक, मुख्यालय, बेंगलुरु की उपस्थिति में, लोन उत्सव 2024 ने संभावित उधारकताओं के लिए घर और कार लोन के आकर्षक विकल्पों का पता लगाने का एक प्रमुख मंच प्रदान किया। ग्राहक तुरंत लोन स्वीकृति प्राप्त करने के साथ-साथ वित्तीय योजना पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन से भी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर भावेन्द्र कुमार, कार्यकारी निदेशक, केनरा बैंक ने अपने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹दरभंगा लोन उत्सव 2024 केनरा बैंक की एक प्रेरक पहल है, जो समाज के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के माध्यम से, हम न केवल घर और कार लोन प्रदान कर रहे हैं, बल्कि लोगों को उनके सपनों को साकार करने की दिशा में आत्मविश्वास भी दे रहे हैं। हम अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं और स्थानीय समुदाय से गहरे और आत्मीय रूप से जुड़ने के लिए मूल्यआधारित सेवा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। दरभंगा लोन उत्सव 2024 ने न केवल प्रतिभागियों को उनके सपनों के लिए वित्तीय समर्थन प्राप्त करने में मदद की, बल्कि मिथिला क्षेत्र में केनरा बैंक की भूमिका को भी मजबूत किया है। पटना सर्कल के महाप्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी हितधारकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत संजीत कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, मुजफ्फरपुर द्वारा स्वागत भाषण से हुई।

## आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए जेसीसी की स्थापना पर सहमत भारत और कुवैत



नई दिल्ली/मुंबई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को यहां कुवैत के अपने समकक्ष अब्दुल्ला अली अल याह्या के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा तथा लोगों के बीच संबंधों सहित भारत-कुवैत संबंधों के संपूर्ण स्पेक्ट्रम की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। याह्या ने जयशंकर के निमंत्रण पर 3-4 दिसंबर को भारत का दौरा किया, जोकि कुवैत के विदेश मंत्री के रूप में उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ह्यह्यदोनों मंत्रियों ने विदेश मंत्रियों के स्तर पर एक संयुक्त सहयोग आयोग (जेसीसी) की स्थापना पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। जेसीसी के तहत व्यापार, निवेश, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि, सुरक्षा और संस्कृति के क्षेत्रों में नए संयुक्त कार्य समूह स्थापित किए जाएंगे। जेसीसी तंत्र हाइड्रोकार्बन, स्वास्थ्य और कांसुलर मामलों सहित क्षेत्रों में नए संयुक्त कार्य समूहों और मौजूदा कार्य समूहों के तहत हमारे द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण दायरे की व्यापक समीक्षा और निगरानी करने के लिए एक छत्र संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य करेगा। विदेश मंत्री याह्या ने इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट भी की। पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंधों को याद करते हुए कुवैत में 10 लाख से अधिक भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए कुवैत के नेतृत्व की सराहना की। विदेश मंत्रालय ने कहा,भारत और कुवैत के बीच पारंपरिक रूप से मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जो इतिहास में निहित हैं और समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं।दोनों पक्षों के बीच नियमित आदान-प्रदान होते रहे हैं, जो दोनों पक्षों द्वारा इस संबंध को दिए गए महत्व को दशार्ते हैं। कुवैत में रहने वाला भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों के लिए एक जीवंत सेतु का काम करता है।

## एमजीएल की नवगति के साथ की साझेदारी

मुंबई। भारत की अग्रणी शहर गैस वितरण कंपनी महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने एमजीएल सीएनजी महोत्सव 2.0 के दौरान सीएनजी अडॉप्शन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी फ्यूल एग्रीगेटर स्टार्ट-अप नवगति को वर्क ऑर्डर दिया है। इस साझेदारी के तहत नवगति एमजीएल सीएनजी महोत्सव 2.0 के लिए फ्लीट प्रोग्राम का संचालन करेगा। इस तरह मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिलों में सीएनजी के विकास और स्थायित्व को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। एमजीएल और नवगति, एमजीएल फ्यूल कार्ड के माध्यम से फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए भुगतान का दोहरा समाधान लेकर आते हैं, जिसे फिजिकल या वर्चुअल दोनों तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। फ्लीट ऑपरेटर्स स्टेशन पर फिजिकल कार्ड को पीओएस मशीन पर टैप कर भुगतान कर सकते हैं, या चाहें तो एमजीएल कनेक्ट ऐप या नवगति फ्यूलिंग ऐप के जरिए डिजिटल भुगतान भी कर सकते हैं। ये फ्यूल कार्ड मुंबई, ठाणे और रायगढ़ में एमजीएल के सीएनजी स्टेशनों पर स्वीकार किए जाते हैं, जिसमें घाटकोपर और गोरेगांव के चुनिंदा बेस्ट बस डिपो भी शामिल हैं। नवगति के सह-संस्थापक एवं सीईओ वैभव कौशिक ने बताया कि. ₹हमें गर्व है कि हमें एमजीएल सीएनजी महोत्सव के लिए एमजीएल के साथ साझेदारी का मौका मिला है। हम एमजीएल के सहयोग से फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए सीएनजी अडॉप्शन को सुगम बनाना चाहते हैं, उन्हें एमजीएल फ्लीट कार्ड और एमजीएल कनेक्ट ऐप और नवगति ऐप के जरिए भुगतान के आसान समाधान उपलब्ध कराना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी मुंबई, ठाणे और रायगढ़ में तथा आने वाले सालों में देश भर में हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## जदयू नेता सत्यदेव प्रसाद सिंह को सौंपा ज्ञापन



महाराजगंज, सिवान (बिहार)। गुरुवार को महाराजगंज विकाश फाउंडेशन सह महाराजगंज जिला बनाओ संघर्ष समिति के नगर अध्यक्ष आत्मा कुमार सिंह के अध्यक्षता में 8 सदस्यीय शिष्ट मंडल पूर्व विधायक सह सदस्य राजनैतिक सलाहकार समिति जद (यू) सत्यदेव प्रसाद सिंह के आवास पर बसंतपुर पहुंचकर महाराजगंज में व्यवहार न्यायालय और जिला के निर्माण हेतु ज्ञापन सौंपा गया। सत्यदेव प्रसाद सिंह ने बताया की जैसा की आप लोग जानते हैं कि महाराजगंज संसदीय क्षेत्र का अधिकार को देखते हुए बहुत पहले से ही प्रयास कर रहा हूं और आगे भी ईमानदारी से प्रयास जारी रहेगा ये वादा है आप लोगों से जबतक महाराजगंज को जिला का दर्जा नहीं मिल जाता तब तक हमारी कोशिश जारी रहेगी । शिष्ट मंडल में प्रखण्ड अध्यक्ष अमित सिंह, निगरानी कमिटी अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, विस्तारक अध्यक्ष डा, रामनारायण पाठक,युवा अध्यक्ष शक्ति सरण सिन्हा, प्रखंड युवा अध्यक्ष जितेन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ सदस्य अली ईमान खान, वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार सिंह सामिल थे।

## 'अ' अंकित श्वेत ध्वजारोहण से कुण्डीय स्ववेंद ज्ञान महायज्ञ का आगाज

वाराणसी। स्ववेंद महामंदिर, उमरहा-डुबकिया में शुक्रवार को दो दिवसीय विहंगम योग के शताब्दी समारोह का शुभारंभ ह्लअह्ल अंकित श्वेत ध्वजारोहण से किया गया। इसी के साथ स्ववेंद महामंदिर धाम का प्रांगण स्ववेंद के संगीतमय पाठ से गुंजायमान हो उठा। मंदिर के आसपास के गांव में उत्सव सरीखा माहौल है। पहले दिन स्ववेंद कथामृत के प्रवर्तक सन्त प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराजयज्ञ के प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम दिखाई दिया। दुसरे दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से 25 हजार कुंडीय स्ववेंद ज्ञान महायज्ञ होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज की दिव्यवाणी स्ववेंद कथामृत के रूप में लगभग ढाई घंटे तक प्रवाहित होती रही। स्ववेंद के दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध हो उठे। संतश्री ने ओजस्वी वाणी में ब्रह्मविद्या विहंगम योग के सैद्धांतिक पक्ष को प्रकाशित करते हुए स्ववेंद की अजस्र ज्ञानगंगा को प्रवाहित किया। इस मौके पर विहंगम योग के प्रणेता सद्गुरु सदाफल देव महाराज द्वारा समाधिजन्य अवस्था में रचित स्ववेंद का संगीतमय पाठ पारायण भी किया गया। एकसाथ स्ववेंद का पाठ कर रहे हजारों विहंगम योग के भक्तों व शिष्यों को स्ववेंद के बारे में बताते हुए संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने कहा कि विहंगम योग का मूल है अनंत सदगुरु सदाफलदेव महाराज द्वारा रचित स्ववेंद महाग्रंथ। अनुयायियों को संबोधित करते हुए संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महराज ने कहा कि सत्य पर पूर्ण विश्वास ही श्रद्धा है, जो श्रद्धावान है वही ज्ञान की प्राप्ति कर शांति का अनुभव करता है। अध्यात्म ही वह समाधान है जिससे सभी समस्याएं सुलझ जाती हैं। जीवन का सवार्गीण विकास अध्यात्म से ही सम्भव है। सेवा से आत्म कल्याण ही नही, सेवा से जगत का कल्याण होता है। दुःखियों का दुख कैसे कम हो यही श्रेष्ठ चिंतन है। उन्होंने कहा कि योगी ही उपयोगी होता है, जो सबके हित का चिंतन करता है, दुःखियों के दुख को कम करता है। महाराज जी ने कहा कि ह्लईश्वर का महान प्रसाद है मानव जीवन ह्ल ईश्वर का रहस्य मानव में निहित है। हम जीवन कहें या सत्य कहें बात एक है। जीवन को ठीक-ठीक जान लिया, इसका अर्थ है हमने परमसत्य का साक्षात कर लिया, क्योंकि जीवन का आधार परमात्मा है, जो आनन्द स्वरूप है। उन्होंने कहा कि ह्लजहां प्रेम है वहीं परमात्मा का वास है ह्ल जहां सत्य, श्रद्धा समर्पण, सेवा भाव है वहीं आत्मा का कल्याण और परमात्मा का प्रकाश है। इस ग्रंथ के पठन मात्र से संस्कार शुद्ध होने लगते हैं। चेतना ऊर्ध्वमुख हो जाती है। इसके पूर्व शारीरिक आरोग्यता के निमित्त आश्रम के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा आसन-प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र संचालित हुआ। जिसमे हजारों योग साधक अनेक असाध्य रोगों से निजात पाने का गुर सीखे। इस दौरान मानव मन की शांति व आध्यात्मिक उत्थान के निमित्त ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा आगत नए जिज्ञासुओं को दी जा रही है। हजारों नए श्रद्धालुओं ने विहंगम योग की ज्ञानधारा से जुड़कर मानव जीवन को आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर किया।

## एलएलबी की परीक्षा के दौरान छात्रों और शिक्षकों में मारपीट

**झूंसी (प्रयागराज) (उत्तरशक्ति)।** झूंसी थाना क्षेत्र के पटेलनगर गांव स्थित कामता सिंह गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को एलएलबी के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा से पहले प्रवेश करने के दौरान छात्रों और शिक्षकों के बीच जमकर मारपीट हुई। कॉलेज के प्रबंधतंत्र का आरोप था कि आरोपी छात्र रोहित यादव जबरन आंसर की सीरिज और मोबाइल लेकर प्रवेश कर रहा था। छात्र रोहित को रोका गया तो मारपीट और गालीगलौज शुरू कर दिया। उधर, छात्र का आरोप था कि कॉलेज के शिक्षक परीक्षा देने के लिए सुविधा शुल्क मांग रहे थे, नहीं दिया तो मारपीट करने लगे। इस दौरान पथराव भी किया गया। मारपीट में एलएलबी छात्र रोहित यादव का कपड़ा भी फाड़ डाला गया। घटना की सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को संभाला। बाद में दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रास रिपोर्ट दर्ज की गई। घटना से कॉलेज परिसर और उसके बाहर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। थाना क्षेत्र के पटेलनगर गांव स्थित कामता सिंह गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बृहस्पतिवार से विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न लॉ कॉलेजों के सेमेस्टर एक, तीन और पांच की परीक्षा शुरू हुई है। कामता सिंह कॉलेज में भी आधा दर्जन से ज्यादा लॉ कॉलेज का सेंटर आया है। दूसरे दिन शुक्रवार को प्रथम पाली के बाद दोपहर बारह बजे से तृतीय पाली की परीक्षा होनी थी। तकरीबन पौने बारह बजे चेकिंग के बाद छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जा रहा था। इसी दौरान इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रनेता रोहित यादव भी प्रवेश कर रहे थे। तभी शिक्षकों ने उन्हें रोक लिया। छात्रनेता रोहित का आरोप है कि परीक्षा देने के लिए प्रबंधतंत्र सुविधा शुल्क की मांग कर रहा था। इसी को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप लगाया कि शिक्षक सुमित सिंह, प्रबंधक नीरज सिंह पटेल, रोहित सिंह, पंकज ने उन्हें दबोच लिया तथा जमकर पिटाई कर दी। पिटाई में रोहित के कपड़े भी फट गए। उधर, कॉलेज के प्रबंधक नीरज सिंह पटेल और उनके पिता हरिश्चंद्र सिंह का आरोप था कि छात्र रोहित आंसर सीरिज और मोबाइल लेकर परीक्षा कक्ष में जाना चाहता था। रोका गया तो वह और उसके कुछ साथी मारपीट करने लगे। साथ ही कॉलेज में पथराव किया, गेट तोड़ा और गार्ड की कुर्सी भी तोड़ दी। घटना की सूचना मिलने पर एसओ झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और काफी देर बाद स्थिति पर काबू पाया। कॉलेज की प्राचार्य किरन गिरि की ओर से आरोपी छात्र रोहित समेत अन्य के खिलाफ तहरीर दी गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना से कॉलेज परिसर के भीतर और बाहर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। कामता सिंह गर्ल्स पीजी कॉलेज के गेट पर जिस जगह छात्रों और शिक्षकों के बीच विवाद हुआ, वहीं सीसी कैमरा लगा हुआ था। उस कैमरे को विवाद के बाद अचानक निकाल दिया गया। छात्रों का आरोप था कि सीसी कैमरे में पूरी घटना कैद है। पर कॉलेज प्रबंधतंत्र ने उसे अपने कर्मचारियों के जरिए उखाड़ लिया। छात्रों और शिक्षकों के बीच हुई मारपीट के बाद मौके पर काफी तनाव फैल गया था। सूचना पर शहर से सैकड़ों छात्र मौके पर पहुंच गए थे। इसी दौरान पुलिस संरक्षण में प्रबंधक नीरज सिंह पटेल को कॉलेज से निकालकर थाने ले जाया जाने लगा।

## अध्यक्ष पद पर श्याम शंकर मिश्रा की नियुक्ति



मुंबई (उत्तरशक्ति)। संयुक्त उत्तर भारतीय समाज (एनजीओ) के समस्त पदाधिकारी और राष्ट्रीय अध्यक्ष वो संस्थापक राजेश दुबे के सहमति पर दिंडोशी विधानसभा में मिश्रा के जन्मदिन के शुभ अवसर पर अध्यक्ष पद की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर सभी पदाधिकारीयों द्वारा जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी बधाई देते हुए संस्था के अध्यक्ष राजेश दुबे ने कहा कि, मिश्रा को अध्यक्ष चुने जाने पर हृदय से बधाई, और उनकी इस उपलब्धि पर हमें बहुत गर्व है। आपकी मेहनत और लगन लोगों में समर्पण की भावनाओं को देखते हुए, आपको अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है, मुझे आशा है कि आपकी कुशल कार्य से संस्था को बल मिलेगा।

## एसबीआई कार्ड ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का आंकड़ा पार किया

मुंबई। एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि देश भर में अभिनव समाधान प्रदान करने और ग्राहकों के अनुभवों को बढ़ाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यह उपलब्धि भारत के क्रेडिट कार्ड परिदृश्य को बदलने में एसबीआई कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका और 'डिजिटल इंडिया की करेंसी के अपने वादे को भी रेखांकित करती है। 1998 में अपनी स्थापना के बाद से, एसबीआई कार्ड ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक उत्पादों को डिजाइन करने में अग्रणी रहा है। खासे विचार विमर्श के बाद जारी कोर कार्डों से लेकर प्रीमियम ब्रांडों के साथ को-ब्रांडेड साझेदारियों तक, रिवाड्र्स-संचालित और जीवनशैली-केंद्रित आफरों तक, एसबीआई कार्ड ने लगातार भारतीय क्रेडिट कार्ड उद्योग में ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए नए मानदंड स्थापित किए हैं और बाजार में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है। एसबीआई कार्ड ने वित्त वर्ष 19 और वित्त वर्ष 24 के बीच कार्ड्स-इन-फोर्स में लगभग 25% CAGR और स्पेंड्स में 26% CAGR की मजबूत वृद्धि देखी है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहाः₹एसबीआई कार्ड ब्रांड 'लाइफ को आसान बनाएं' के मूल्यवान सिद्धांत पर आधारित है। 2 करोड़ कार्ड जारी करने का आंकड़ा पार करना हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास और आत्मविश्वास का प्रमाण है। यह नवाचार, बेहतर ग्राहक सेवा और हर भारतीय को सुविधाजनक, सुरक्षित और रिवाड्र्स देने वाले भुगतान समाधानों के साथ सशक्त बनाने के दृष्टिकोण पर हमारे अथक ध्यान को दशार्ता है।



शपथ ग्रहण महोत्सव में शामिल होने आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुंबई एयरपोर्ट पर पूरे उत्साह से स्वागत करते भारतीय जनता पार्टी वर्ली के उपाध्यक्ष बिनोद राय। छायाः उत्तरशक्ति

## इसुज़ू मोटर्स इंडिया भारत में इसुज़ू आई-केयर विंटर कैम्प का आयोजन




मुंबई। इसुज़ू मोटर्स इंडिया ने वाहन स्वामित्व का बेहतरीन और अतुलनीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरे देश में इसुज़ू आई केयर विंटर कैम्प की घोषणा की है। इसुज़ू डी-मैक्स पिक-अप और रवश के लिए डिजाइन किए गये ये शिविर पूरे देश में इसुज़ू वाहन मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जाँच प्रदान करेंगे। इसुज़ू केयर द्वारा 09 से 14 दिसंबर 2024 (ये दोनों दिन भी शामिल) के बीच सभी अधिकृत इसुज़ू डीलर सर्विस आउटलेट्स पर विंटर कैम्प लगाया जा रहा है। इस अवधि में ग्राहकों को उनके वाहनों के लिए विशेष ऑफर और लाभ दिये जा रहे हैं। इस शिविर में आने वाले ग्राहकों को निम्नलिखित लाभ होंगेः- मुफ़्त 37-पॉइंट विस्तृत जाँच, लेबर पर 10% की छूट पार्ट्स पर 5% की छूट ल्यूब और फ्लूइड पर 5% की छूट रिटेल RSA खरीद पर 10% की छूट और मुफ़्त'REGEN'।विंटर कैम्प अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरु, भांडुप (मुंबई), कालीकट, चेन्नई, कोयंबतूर, दीमापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हिसार, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जयगांव, जम्मू, जालंधर, जोधपुर, करनाल , कोच्चि, कोल्हापुर, कोलकाता, कुरनूल, लखनऊ, एलबी नगर (हैदराबाद), लेह, मदुरई, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, मैसूर, नागपुर, नासिक, नई दिल्ली, नोएडा, नेल्लौर, पुणे, रायपुर, रत्नागिरी, राजामुंदरी, राजकोट, सतारा, शिवमोग्गा, सिलीगुड़ी, सोलापुर, सूरत, तिरुनेलवेली, तिरूपति, त्रिवेंद्रम, वडोदरा, विजयवाडा, और विशाखापतनम में इसुज़ू के अधिकृत सर्विस केंद्रों में लगाये जाएँगे।